Regarding warehousing problems of farmers

डॉ. ढालसिंह बिसेन (बालाघाट): सभापति महोदय, मेरे संसदीय क्षेत्र बालाघाट में शासकीय योजनाओं के अंतर्गत बहुत सारे अनाज भंडारण केन्द्र बनाए गए हैं । लोगों ने अनाज भंडारण गृह लोन लेकर बनाए हैं, लेकिन यह देखने में आ रहा है कि वहां भंडारण बहुत कम समय रहता है, तत्काल उसको दूसरे जिलों में स्थानांतरित कर दिया जाता है । वहां के राइस मिलों में धान की पिसाई के लिए धान की उपलब्धता नहीं रहती है, जिसके कारण राइस मिलर्स परेशान हैं । इसलिए मैं सरकार से मांग करता हूं कि जितने भंडार गृह हैं, वे हमारे लोक सभा क्षेत्र के लिए?(व्यवधान)